
## खबर संक्षेप

### ग्रामोदय विवि के छात्र शुभम का एल एंड टी फाइनेंस में सेल्स ऑफिसर पद पर चयन



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के छात्र शुभम पांडेय का चयन एल एंड टी फाइनेंस में सेल्स ऑफिसर पद पर हुआ है। शुभम पांडेय,ग्रामीण विकास और व्यवसाय प्रबंधन संकाय से एम.बी.ए. (ग्रामीण प्रबंधन) के छात्र हैं। उनकी सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.भरत मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो.अमरजीत सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि शुभम पांडेय ने इसी सत्र में अपना एम.बी.ए. (ग्रामीण प्रबंधन) पाठ्यक्रम पूरा किया है। उन्होंने शुभम के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छात्रा भारती वालाडी ने एससी महिला श्रेणी में किया टॉप



**सतना।** चित्रकूट महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा भारती वालाडी ने पीईबी (प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड) द्वारा आयोजित असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर पद की भर्ती परीक्षा में एससी महिला श्रेणी में पहली रैंक हासिल कर टॉप किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.भरत मिश्रा ने भारती की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात बताया।कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो.डी.पी. राय ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि संकाय की पूर्व छात्रा भारती वालाडी ने पीईबी द्वारा आयोजित 'ग्रुप -1 सब ग्रुप-1 और ग्रुप-2 सब ग्रुप-1 कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट-2024' में मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन विभाग के अंतर्गत सहायक गुणवत्ता नियंत्रक (असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोलर) के पद पर एससी महिला कैटेगरी में पहली रैंक प्राप्त की है।

### विधायक की सूझबूझ से अविश्वास प्रस्ताव धराशायी

**रामपुर बघेलान।** जनपद पंचायत के अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू के खिलाफ विपक्षी दलों का अविश्वास प्रस्ताव फेल हो गया। यह प्रयास तब विफल हुआ जब विधायक विक्रम सिंह ने मोर्चा संभाला। भोपाल में विधानसभा के मानसून सत्र में होने के बावजूद,उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को अपनी सूझबूझ से नियंत्रित किया और विरोधियों को करारी शिकस्त दी।यह पहली बार नहीं है जब विधायक विक्रम सिंह ने अपनी राजनीतिक कुशलता का परिचय दिया है। इससे पहले,उन्होंने अमरपाटन जनपद पंचायत के अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को भी सफलतापूर्वक विफल कर दिया था। उनकी कार्य करने की यह विशिष्ट शैली ही जनता का विश्वास उनके प्रति बढ़ाती है। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम,1993 की धारा 28 के तहत लाए गए इस अविश्वास प्रस्ताव के लिए 7 अगस्त को पीठासीन अधिकारी एसडीएम राहुल सिराडिया की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी।भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच आयोजित इस प्रक्रिया में विपक्षी दलों के केवल 11 सदस्य ही पहुंचे। कई घंटों तक इंतजार करने के बाद,बाकी सदस्यों के न आने के कारण अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई। 2022 में हुए पंचायती राज चुनाव में रावेंद्र सिंह छोटू को जनपद अध्यक्ष चुना गया था। हालांकि,3 साल पूरे होने के बाद विपक्षी दलों ने उन्हें हटाने का प्रयास किया। लेकिन विधायक विक्रम सिंह की लोकप्रियता और जन प्रतिनिधियों के प्रति उनके लगाव से प्रभावित होकर,कई सदस्यों ने विपक्षी दलों का साथ नहीं दिया और चुनाव स्थल पर नहीं पहुंचे। इससे विपक्षी दलों की मंशा पूरी नहीं हो सकी और अविश्वास प्रस्ताव टल गया।

### वैश्य महासम्मेलन ने किया पुलिस टीम का सम्मान

**सतना।** गोलीकांड का महज दो दिनों में खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए वैश्य महा सम्मेलन ने पुलिस टीम का सम्मान किया। चार दिन पहले वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी भागवत गुप्ता के घर पर गोलीकांड हुआ था,जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों और योजनाकारों को जेल भेजा। पुलिस की इस तत्परता से वैश्य समाज में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसी क्रम में वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई ने पुलिस अधिकारियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया।

# खाद संकट को लेकर बोरी पहनकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे आप कार्यकर्ता

### यूरिया-डीएपी की कमी दूर करने की रखी मांग

यूरिया और डीएपी खाद की भारी कमी से किसानों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। खाद के लिए परेशान किसानों के समर्थन में आप कार्यकर्ता बोरी पहनकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे।



हरिभूमि न्यूज, सतना।

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में किसान खाद के लिए भटक रहे हैं,लेकिन उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही। इससे फसलें खराब होने की कगार पर पहुंच गई हैं।

#### आम आदमी पार्टी का अनोखा प्रदर्शन

गुरुवार को खाद के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी की यूथ विंग ने खाद की बोरी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रघुराजनगर एसडीएम (ग्रामीण) एल.आर. जांगड़े को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग रखी कि देश का अन्नदाता खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। यह समस्या हर साल सामने आती है,लेकिन प्रशासन ने आज तक कोई ठोस इंतजाम नहीं किया।

#### सरकार पर लगाए आरोप

आप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और प्रशासन किसानों के साथ लगातार दुर्व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सतना से ही राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी आती हैं,फिर भी खाद की समस्या जस की तस बनी हुई है।

#### पार्टी ने दो मुख्य मांगे रखीं

किसानों को जल्द से जल्द खाद उपलब्ध कराई जाए। खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई हो। यूथ विंग ने चेतावनी दी कि यदि समय पर समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# पुलिस ने पुणे से दबोचा ट्रैक्टर चोर लाखों का ट्रैक्टर बरामद






**सतना।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कोठी थाना क्षेत्र से चोरी हुए एक ट्रैक्टर को पुणे,महाराष्ट्र से बरामद किया है और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। यह मामला 6 मई का है,जब फरियादी अजय सिंह ने कोठी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर के बाहर खड़ा स्वराज 742 ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चोरी हो गया है। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।जांच के दौरान,पुलिस को चोरी गई ट्रॉली लावारिस हालत में मिली थी और उसे जब्त कर लिया गया था,लेकिन मुख्य आरोपी वीर विक्रम सिंह लगातार फरार चल रहा था। सतना के पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर,थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी के नेतृत्व में एक टीम पुणे भेजी गई। टीम ने अथक प्रयासों के बाद आरोपी वीर विक्रम सिंह को पुणे से पकड़कर सतना ले आई। पूछताछ में,आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी सुंदरम उर्फ बच्चा सिंह बघेल,अंशुल सिंह बघेल,लाला सेन और धीरज पटेल के साथ मिलकर इस चोरी की योजना बनाई थी। उन्होंने यह भी बताया कि डिडोद में प्रेम प्रकाश सिंह,राणा सिंह और उमा प्रताप सिंह के साथ मिलकर उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुआ स्वराज 742 ट्रैक्टर,जिसका नंबर MP19AC8539 है,बरामद कर लिया है। आरोपी ने रीवा जिले के डभौरा थाना क्षेत्र में भी ट्रैक्टर चोरी की एक और वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है,जिसके बारे में डभौरा पुलिस को सूचित कर दिया गया है। संगठित होकर अपराध करने के कारण,मामले में नई धाराएं जोड़ी गई हैं। आरोपी वीर विक्रम सिंह को गिरफ्तारकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोठी निरीक्षक गिरजाशंकर बाजपेयी सहित उपनिरीक्षक अजीत सिंह,स.उ.नि.दीपेश पटेल,स.उ.नि.अश्वनीधर द्विवेदी,स.उ.नि.राजबहादुर सिंह,स.उ.नि.अरुण पाण्डेय,प्र.आर.देवेन्द्र सेन,प्र.आर.प्रताप सिंह, प्र.आर .प्रमोद तिवारी,आर.रिंकू जाटव,आर.संतोष धुर्वे और आर.संजय यादव की अहम भूमिका रही है।



### टिकुरिया टोला सबस्टेशन से निकलने वाले फीडरों का मेंटेनेंस कार्य पूरा

सतना।



अधीक्षण अभियंता पी.के.मिश्रा के निर्देश पर शहर संभाग द्वारा टिकुरिया टोला सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केवी के टिकुरिया टोला और इंडस्ट्रियल फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया गया। इस दौरान लाइनों पर लटक रही पेड़ों की टहनियों को काटा गया और खंभों पर चढ़ी बेलों को हटाया गया।<यह मेंटेनेंस सुबह 7:30 बजे से 11:00 बजे तक चला। शहर संभाग के 8 अधिकारियों की ड्यूटी सेक्शन के अनुसार लगाई गई थी। इन अधिकारियों के साथ 3-3 कर्मचारियों ने मिलकर लाइन मेंटेनेंस का काम किया और अन्य आवश्यक कार्यों को भी चिन्हित किया। इस मेंटेनेंस कार्य में सहायक अभियंता कुलदीप मिश्रा,विद्यासागर सिंह,रामविनीत तिवारी और कनिष्ठ अभियंता मानवेंद्र नंदन, राहुल मिश्रा,अजय दुबे,इसरार अहमद और चंदन तिवारी मौजूद थे। यह कार्य बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए किया गया है।

# बिजली चोरी करने पर 3 साल की जेल और 23 लाख का जुर्माना

सतना।






विशेष न्यायालय ने बिजली चोरी के एक मामले में आरोपी नील गगन सिंह को 3 साल के कारावास और 23 लाख 86 हजार के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2020 का है जब आरोपी की फैक्ट्री आर पी इंडस्ट्री में बिजली चोरी पकड़ी गई थी। 11 दिसंबर 2020 को सतना की विजिलेंस टीम ने दिलौरा बाईपास स्थित इस फैक्ट्री में छापा मारा था। जाँच के दौरान 70 किलोवाट औद्योगिक कनेक्शन में बिजली चोरी का खुलासा हुआ था। उस समय विभाग ने 20.73 लाख की वसूली तय की थी,लेकिन राशि जमा नहीं की गई,जिसके बाद शहर संभाग सतना ने विशेष न्यायालय में केस दायर किया। लगभग 4 साल तक चले इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और यह सज़ा सुनाई। सज़ा के बाद,आरोपी नील गगन सिंह को जेल भेज दिया गया है। जाँच टीम में उस समय कार्यपालन अभियंता मृगेंद्र चंदेल, राजकुमार पांडे, आर.एस. सिंगरौल, सहायक अभियंता सुश्री प्रज्ञा पांडे,गौरव दुबे और अखिलेश पाटीदार शामिल थे।विभाग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी. के. गौतम ने पैरवी की। शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल 210 बिजली चोरी के मामले लंबित हैं और 630 नए मामलों को न्यायालय में लगाने के लिए चुना गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग बिजली चोरी के मामलों को गंभीरता से ले रहा है और सभी आरोपियों को जल्द से जल्द रिकवरी की राशि जमा करने को कहा गया है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारी की



सतना।

भाजपा युवा मोर्चा की सतना जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई,जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में तिरंगा यात्रा,विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस,स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जयंती,स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी पुण्यतिथि और एक पेड़ मां के नाम जैसे कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। तिरंगा यात्रा के संयोजक मुरारी सोनी ने बताया कि 10अगस्त को सतना जिला मुख्यालय पर एक विशाल तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी,जिसके बाद 14 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों में यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्होंने युवाओं से इस राष्ट्रभक्ति अभियान में शामिल होने की अपील की। जिला युवा मोर्चा प्रभारी ऋषभ सिंह ने युवाओं से संगठन को मजबूत करने के लिए इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सौभाग्य केशरी ने जानकारी दी कि 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे बीटीआई मैदान से एक विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली जाएगी। इसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होकर जन जागरण का संदेश देंगे। बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और सभीसे आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए उत्साहपूर्वक काम करने का आह्वान किया।

# छात्राओं ने आर्मी जवानों के लिए तैयार की रंग-बिरंगी राखियां, सतना कलेक्टर को सौंपी

सतना।



रक्षाबंधन से पहले देशभक्ति और भाईचारे का अनूठा दृश्य देखने को मिला। साईं पब्लिक स्कूल और गार्जियन एंड गाइड स्कूल की छात्राओं ने सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए राखियां तैयार कीं। गुरुवार को इन्हें कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस को सौंपा गया। छात्राओं ने राखियों से तिरंगे के रंगों में भारत का नक्शा भी बनाया। इसे देखकर उपस्थित सभी अधिकारी भावुक हो गए। कार्यक्रम के दौरान भारतमाता की जयघोष और देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल देशप्रेम से भर गया। इस अवसर पर छात्राओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को भी राखी बांधी। साथ ही मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने बच्चियों के इस पहल की सराहना की और उन्हें देशप्रेम की मिसाल बताया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल राखी भेजना नहीं था।बल्कि नई पीढ़ी में देशभक्ति, सैनिकों के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना जगाना था। छात्राओं ने कहा कि ये राखियां सिर्फ धागे नहीं हैं। इनमें उनका स्नेह,आशीर्वाद और सुरक्षा की कामना बंधी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 8 अगस्त को विशेष कैंप



**सतना।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत,सरकार ने ईडब्ल्यूएस,एलआईजी या एम आईजी श्रेणियों के परिवारों के लिए इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य उन परिवारों को घर बनाने या खरीदने में मदद करना है जिनकी अधिकतम सालाना आय 9 लाख रुपये तक है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए,लाभार्थी अधिकतम 120 वर्ग मीटर के कार्पेट एरिया और 35 लाख रुपये तक का घर बना या खरीद सकते हैं। इस पर उन्हें 25 लाख रुपये तक का होम लोन मिल सकता है। इस लोन पर प्रति वर्ष 4 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी,जो 1.8 लाख रुपये तक हो सकती है। यह योजना उन लोगों के लिए भी है जिन्होंने सितंबर 2024 के बाद होम लोन लिया है। नगर पालिक निगम ने इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचाने के लिए 8 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे एक विशेष कैंप का आयोजन किया है।

# पुलिस ने 'मुस्कान अभियान' के तहत लापता किशोरी को परिवार से मिलाया

**सतना।** पुलिस के 'मुस्कान अभियान' को एक और कामयाबी मिली है। रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने ढूंढ निकाला और उसके परिवार को सौंप दिया। दर असल,6 अगस्त को एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आशंका जताई थी कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे और उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने एक विशेष टीम बनाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लापता किशोरी को खोज निकाला। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि रोपा लगाने की बात पर वह नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद किशोरी को उसके परिवार को सौंप दिया। इस सफल ऑपरेशन में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी,महिला प्रधान आरक्षक सविता कोरी और प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वच्छता अभियान: प्लास्टिक प्रतिबंध और कचरा प्रबंधन पर जोर



**सतना।** नगरपालिक निगम सतना की सूचना,शिक्षा और संचार टीम ने हाल ही में शहर के वार्ड क्रमांक 21 और 22 में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के महत्व,प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में शिक्षित करना था। वार्ड 21 में,टीम ने कचरे को अलग-अलग करने की प्रक्रिया पर खास ध्यान दिया। लोगों को गीले,सूखे,सैनिटरी और खतरनाक घरेलू कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का इस्तेमाल करना सिखाया गया। इसके अलावा,सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध और घर पर कंपोस्ट खाद बनाने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। वार्ड 22 में,अभियान को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया,जहाँ पौधारोपण कार्यक्रम और पार्कों की साफ-सफाई की गई। यहां भी प्लास्टिक पर प्रतिबंध और घरेलू कंपोस्टिंग जैसे विषयों पर जोर दिया गया ताकि नागरिक अपनी जिम्मेदारियों को समझ सकें। नगर निगम सतना का यह प्रयास यह संदेश देता है कि एक स्वच्छ और स्वस्थ शहर तभी बन सकता है जब हर नागरिक इसमें सक्रिय रूप से भाग ले।

**खबर संक्षेप**

## बलराम जयंती पर पहली बार आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पन्ना।** इस वर्ष पहली बार बलराम जयंती के अवसर पर श्री बल्देव जी मंदिर परिसर पन्ना में 14 अगस्त को संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागण पन्ना में पूर्व वर्ष की भांति श्री कृष्ण पर्व का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। श्री बल्देव जी के जन्मोत्सव हरछठ पर्व पर छतरपुर की कलाकार कमला लोधी भक्ति गायन, सीधी के कलाकार लाल बहादुर घासी द्वारा घसिया बाजा एवं स्वप्निल मैलोडी ग्रुप जबलपुर बैंड के कलाकारों द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। इस क्रम में जन्माष्टमी पर आयोजित श्री कृष्ण पर्व पर सागर के अमित घारू बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य तथा टीकमगढ़ के पवन तिवारी द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने उक्त दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि पुलिस अधीक्षक सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी पन्ना, तहसीलदार पन्ना, मनरेगा के परियोजना अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी को भी आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है। समस्त अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन तथा मिलिंद त्रिंबके 9425374853 से समन्वय कर गरिमामय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया गया है।

## मैजिक बॉक्स से जांची मिठाईयों की गुणवत्ता

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण कार्यवाही करते हुए हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में हटा में बड़ा बाजार स्थित गफलू स्वीट्स से कलाकंद, दुर्गा स्वीट्स से खोवा पेड़ा,मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित बजरंग स्वीट्स से मिल्क केक एवं आज़ाद वार्ड स्थित न्यू बजरंग स्वीट्स से मलाई बर्फी के नमूनें जांच हेतु लिए गए । इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाई एवं नमकीन विक्रय करने के निर्देश दिए गए। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां विक्रय करने के निर्देश दिए गए। मैजिक बॉक्स से खोवा,कलाकंद,मिल्क,केक,मलाई बर्फी,खोवा पेड़ा की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की गई।

## डॉ. प्रेमलता नीलम की बुंदेली पुस्तक ई कुदाऊं हेरो का हुआ लोकार्पण

**दमोह।** हिन्दी भवन म.प्र.राष्ट्र भाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन के सभागार भोपाल मे राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात विद्वान साहित्यक विमर्श आयोजित हुआ जिसमे अंतरराष्ट्रीय कवयित्रि डॉ. प्रेमलता नीलम की चौदहवीं बुंदेली कृति ई कुदाऊं हेरो का लोकार्पण न्यायमूर्ति डी एस धर्माधिकारी. के कर कमल से लोकार्पण हुआ जिसमें मंत्री संचालक कैलाश चन्द्र पंत ,डॉ सूर्यप्रसाद दीक्षित, श्रीराम परिहार महेश सक्सेना अनीता सक्सेना की उपस्थित रही अध्यक्ष धर्माधिकारी जी ने कहा यह बुंदेली काव्य संग्रह सम्पूर्ण बुंदेलखंड के दर्शन करवाती है, वीरों की गाथा, लोक-संस्कृति, धार्मिक स्थलों का वर्णन है ,पंत जी ने बुंदेली रचनात्मक पुस्तक की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय सक्सेना ने किया।

## 744.2 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 744.2 मि.मी. अर्थात 29.2 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 130.8 मि.मी. अर्थात 5.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 613.4 मि.मी. अर्थात 24.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 855.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### सड़क पर गड्ढों ने ली एक और जान

# देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में बाइक पेड़ से टकराई तोड़न यादव की मौके पर मौत, नीलू जैन घायल



**देवेंद्रनगर।** थाना अंतर्गत 5 अगस्त की रात्रि लगभग 9:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मुटवादृबसई मार्ग की है, जहां सड़क में बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवेंद्रनगर वार्ड क्रमांक 07 निवासी नीलू जैन पिता नरेंद्र जैन (उम्र 42 वर्ष) एवं उनके साथी प्रीतम सिंह उर्फ तोड़न यादव (उम्र 35 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 11, किसी बैंक संबंधी कार्य से पन्ना गए हुए थे। कार्य के उपरांत लौटते समय तोड़न यादव अपने रिश्तेदारों से मिलने मुटवा में रुके। इसके बाद रात्रि में दोनों बाइक से देवेंद्रनगर के लिए रवाना हुए, तभी मार्ग में फैले बड़े-बड़े गड्ढों के कारण उनकी बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तोड़न यादव की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई, जबकि नीलू जैन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क की बदहाली को हादसे का मुख्य कारण बताया है और प्रशासन से शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

# जानलेवा हादसों को निमंत्रण दे रहे सड़क के बड़े बड़े गड्ढे

**स्टेट हाईवे के अमानगंज सिमरिया सड़क मार्ग के उड़े परखच्चे**

**जिम्मेदार शासन प्रशासन बेखबर हो बने मूक दर्शक**

**जेके कंपनी पर मेहरबान शासन-प्रशासन**



**अमानगंज।** स्टेट हाईवे सड़क मार्ग अपनी दुर्दशा पर आशु बहा रहा है, लाखों प्रयास करने के बाबजूद भी स्थिति जस के तस बनी हुई है, जिसको कोई न देखने वाला है, न सुनने वाला है, हर तरफ सड़क दुर्घटनाओं से घायल और मृत लोगों का शोर सुनाई दे रहा है, हर तरफ भय और आशंका का माहौल व्याप्त है। सड़कों का हाल बेहाल होता जा रहा है, चाहे वो स्टेट हाईवे हो या नेशनल हाईवे की। मुख्य सड़क मार्गो की स्थिति इतनी दयनीय एवं भयावह होती जा रही है जो हर समय गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को न्यौता देती नजर आ रहीं हैं। सड़क के बीच में तालाब नुमा आकार के बड़े बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं जिससे पता नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे है कि गड्ढे में सड़क है। गड्ढे इतने बड़े है कि पूरी की पूरी 4 पहिया गाड़ी समा सकती हैं। जिसकी न जिम्मेदारों को खबर है न शासन प्रशासन को। सब के सब जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी देखकर भी अनदेखा करते नजर आ रहे हैं। स्टेट हाईवे का देवरा से पुरैना सड़क मार्ग पूरी तसह से क्षतिग्रस्त और ध्वस्त हो चुका है, जेके सीमेंट ट्रांसपोर्ट की भारी भरकम वाहनों के गुजरने से सड़क की स्थिति जर्जर और बदहाल हो चुकी है। तालाब नुमा गड्ढों और कीचड़ से सनी सड़कों से रोज हादसे हो रहे हैं जिसकी पीड़ा न जिम्मेदार देख पा रहा है न शासन प्रशासन। सभी लोग हाथ में हाथ धरे मूक दर्शक बने बैठे हैं। आखिर शासन प्रशासन कब जागेगा जब कोई बड़ी सड़क दुर्घटना हो जाएगी। जेके ट्रांसपोर्ट के भारी भरकम वाहन निकलने से रोड के परखच्चे उड़ गए हैं छोटे मोटे वाहन तो चलने से ही कतराते हैं न जाने कब दुर्घटना का शिकार हो जाए। यदि शासन प्रशासन ने तत्काल कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो किसी दिन बड़ी अनहोनी घटना घटित हो सकती है जिसका जिम्मेदार कौन होगा? ऐसे कई सवाल हैं जो राहगीरों को परेशान कर रहे हैं कि आखिर कब इस समस्या से छुटकारा मिलेगा। अब देखना ये है कि इस खबर से शासन प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा से जागता है या धृतराष्ट्र बनकर अनसुना करने का दिखावा करता है।

# जिला पंचायत सीईओ ने पन्ना विकासखण्ड के समस्त सचिव एवं रोजगार सहायकों की ली बैठक

**अपेक्षित प्रगति न होने पर कार्यवाही के दिए निर्देश**



**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने आज पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक लेकर प्रगतिरत कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत पन्ना के सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण, समग्र ई-केवायसी, पेंशन ई-केवायसी, संबल योजना के कार्य तथा ग्राम पंचायत की प्रगति की समीक्षा की। जिपं सीईओ ने समस्त कार्यों में न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों देवरी, उमरी, समाना, इटवांखास, बृजपुर, कृष्णा कल्याणपुर, सकरिया एवं फुलवारी को आगामी सोमवार के पूर्व समस्त योजनाओं के कार्यों में अपेक्षित सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समयावधि में अपेक्षित प्रगति न होने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की प्रति सप्ताह समीक्षा के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में उपयंत्री एवं पंचायत समन्वयक अधिकारियों के सेक्टर के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तुत करने तथा प्रति दिवस ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर संपादित कार्यों की जानकारी से अवगत कराने के लिए कहा। साथ ही निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार भ्रमण के उपरांत ही वेतन आहरण तथा सेक्टर में अपेक्षित प्रगति न होने पर नियमानुसार कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित करने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# करंट लगने से कृषक की दर्दनाक मौत



**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खमरिया कोट ग्राम में हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसे सभी को झांझर कर रख दिया है, दरअसल खमरिया कोट ग्राम निवासी युवा जितेंद्र पिता राम विशाल राजपूत निवासी ग्राम खमरिया कोट खेत पर भैंस बांधकर वापस आ रहा था। तभी विद्युत ट्रांसफार्मर के पास लगे खंभे में अचानक करंट का प्रवाह हो गया करंट का प्रवाह हो जाने से कृषक करंट की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर लगभग दो से तीन बजे के बीच मृतक युवक का पोस्टमार्टम किया गया।

# सांदीपनि शास उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ निशुल्क साइकिल वितरण समारोह

**ग्रामीण अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों को प्रदान की गई निशुल्क साइकिल**



**पवई।** मध्य प्रदेश शासन की योजना के अनुसार और शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु अति महत्वपूर्ण योजना निशुल्क साइकिल वितरण के तहत बीते सत्र 2024-25 में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले एवं कक्षा 10 में सांदीपनि विद्यालय पवई में अध्यनरत छात्र छात्राओं को शासन के निर्देश अनुसार साइकिल का वितरण किया गया। गुरुवार को विद्यालय परिसर में एक गरिमामई समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया मुख्य अतिथि तथा अजित बढोलिया पार्षद ,जफर सौदागर पार्षद की उपस्थिति में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले 20 छात्राओं एवं 66 छात्रों कुल 86 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच,राकेश श्रीवास्तव,सुख सागर कुंवर,सुदीप त्रिपाठी सहित विद्यालय स्टाफ पत्रकार गण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

**कलेक्टर ने जारी किए निर्देश**

# शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**पन्ना**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्टेशन (ओटीआर) करवाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सहित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य तथा अनुसूचित जाति व जनजाति महाविद्यालय, उत्कृष्ट एवं सीनियर छात्रावास के समस्त अधीक्षक को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण की जाना है। कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों, जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर ओटीआर कराना आवश्यक है। एक बार ओटीआर नंबर मिल जाने के उपरांत भविष्य में आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। पृथक से ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। प्रभारी जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया ने बताया कि ओटीआर प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थियों को पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाइल पर एनएसपी ओटीआर मोबाइल एप डाउनलोड कर एवं आवश्यक जानकारी भरकर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा, जबकि द्वितीय चरण में ओटीआर एप एवं आधार फेस आरडी सर्विस एप डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से ओटीआर नंबर प्राप्त करना होगा। एमपी टॉस पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन के दौरान ओटीआर नंबर दर्ज करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों की संख्या के दृष्टिगत समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के संबंध में वांछित निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं, जिसके तहत सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी प्राचार्य, महाविद्यालय प्राचार्य और छात्रावास की पृथक-पृथक बैठक के माध्यम से ओटीआर प्रक्रिया की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे विद्याथर्ियों को आसानी से जानकारी प्राप्त हो सके। विशेष अभियान संचालित कर स्कूल से दो शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए भी कहा गया है। सभी स्कूल में कक्षावार प्रवेशित जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों से ओटीआर नंबर की सूची भी संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराएं-**

*कलेक्टर श्री कुमार ने कहा है कि पात्र विद्यार्थियों का 15 अगस्त के पूर्व ओटीआर संबंधी कार्यवाही पूर्ण की जाए। साथ ही प्रतिदिन शाम को इसकी प्रगति से भी अवगत कराएं। छात्रावास में प्रवेशित विद्यार्थियों के ओटीआर का दायित्व छात्रावास अधीक्षक का होगा। अधीक्षक द्वारा विद्यार्थियों के प्रोफाइल पंजीयन के साथ ओटीआर नंबर भी प्रवेश पंजी में संधारित किया जाएगा। ओटीआर के लिए विद्यार्थी का आधार नंबर, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा आधार लिंक बैंक खाता भी सक्रिय होना अनिवार्य है। इसकी जानकारी भी पालकों को पहले से प्रदान करना होगी। नियमित रूप से ओटीआर प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। जिला कलेक्टर द्वारा प्रत्येक शिक्षण संस्थान और छात्रावास में ओटीआर प्रक्रिया की प्रतियों के वितरण तथा सूचना पटल पर जानकारी चस्पा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।*

# देवेंद्रनगर में विज्ञान संकाय की बहुप्रतीक्षित शुरुआत का मामला विधानसभा तक पहुँचा

**चार दशक की उपेक्षा पर टूटी चुप्पी, सिविल अस्पताल, एसडीएम कोर्ट और ब्लॉक की मांग भी तेज**

**देवेंद्रनगर**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चार दशकों से उपेक्षित देवेंद्रनगर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं प्रारंभ कराने का मामला आखिरकार विधानसभा तक पहुँच गया है। यह मुद्दा पन्ना जिले के जागरूक विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने विधानसभा प्रश्न के माध्यम से पूरी मजबूती से उठाया, जिसके उत्तर में सरकार ने स्वीकार किया कि विज्ञान संकाय की कक्षाएं प्रारंभ कराने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इससे विद्यार्थियों के सपनों को संबल मिला है और क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए द्वार खुलने की उम्मीद जगी है। यह दैनिक विंध्य सत्ता द्वारा वर्षों से प्रकाशित समाचारों का प्रत्यक्ष प्रभाव है, जिसने इस उपेक्षित विषय को प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बनाया। लेकिन अब असली परीक्षा सरकार की है कि वह इस मांग को पूरा करने में कितनी तेजी दिखाती है। क्योंकि विज्ञान शिक्षा की अनुपलब्धता की पीड़ा को झेलते-झेलते एक पूरी पीढ़ी जवानी पार कर चुकी है, और युवा सिर्फ कला विषयों तक सीमित होकर अपने भविष्य से समझौता करने को विवश रहे हैं। इसके साथ ही देवेंद्रनगर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में परिवर्तित करने, एसडीएम कोर्ट तथा ब्लॉक कार्यालय की स्थापना करने जैसी मूलभूत और अत्यावश्यक मांगें भी दैनिक विंध्य सत्ता ने निरंतर मुखरता से उठाई हैं। यदि विधायक के प्रयासों और मीडिया के दबाव के बीच सरकार ने शीघ्र निर्णय लिया, तो न केवल शिक्षा, बल्कि स्वास्थ्य और प्रशासनिक सेवाओं के क्षेत्र में भी देवेंद्रनगर में ऐतिहासिक बदलाव होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति और जनता को वास्तविक राहत मिलेगी। यहाँ यह बात स्पष्ट रूप से स्मरणीय है कि सरकार चाहे जमीनी स्तर से लेकर आसमान तक कितना भी विकास कर ले, लेकिन जब तक शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय का विकास नहीं करेगी, तब तक सारे विकास बेमानी और निरर्थक सिद्ध होते हैं। शिक्षा ही एक ऐसा अद्वितीय हथियार है, जो संपूर्ण और वास्तविक विकास के द्वार खोल देता है। इसलिए देवेंद्रनगर के लोगों को अब उम्मीद है कि सरकार जल्द ठोस कदम उठाकर दशकों पुरानी उपेक्षा को खत्म करेगी और क्षेत्र को प्रगति की मुख्यधारा से जोड़ेगी।

# धूमधाम से मनाया जाएगा हरछठ एवं जन्माष्टमी महोत्सव

**पन्ना विधायक के प्रयास से दोनों पर्व राज्य सूची में शामिल**



**पन्ना।** पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के सार्थक प्रयासों की बदौलत संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा पन्ना के हरछठ एवं जन्माष्टमी महोत्सव को मध्यप्रदेश की राज्य सूची में शामिल किया गया है। अब आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती पर भगवान बल्दाऊ के जन्म दिवस और 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। विगत 29 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पन्ना नगर आगमन पर स्थानीय विधायक द्वारा परंपरागत भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा एवं हरछठ पर्व को संस्कृति विभाग के कैलेण्डर में शामिल करने की मांग की गई थी। इसके फलस्वरूप अब संस्कृति विभाग द्वारा गरिमामय एवं उल्लासपूर्वक आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आमजनों ने भी पन्ना विधायक के इस प्रयास की सराहना की है।

# गुनौर में खाद के लिए भटकता किसान जिम्मेदार मौन

**जिम्मेदार शासन प्रशासन एवं चुने हुए प्रतिनिधि मौन**




**गुनौर।** मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया जहां किसान के लिए बड़ी बड़ी बातें करते है वहीं गुनौर विधानसभा के किसान एक एक बोरी खाद के लिए भटक रहे है। खाद की काला बाजारी के कारण व्यापारी मूल्य से अधिक दाम में खाद बेंच रहे है किसान लुटने को मजबूर है वहीं शासन प्रशासन एवं चुने हुए जनप्रतिनिधि मौन है क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि समय पर खाद न मिलने से फसल ख़राब हो रही है दुकानों में महंगे रेट पर खाद मिल रही है शासन प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द खाद उपलब्ध कराई जाए जिससे खराब हो रही फसल में खाद डाली जा सके।

# लाड़ली बहनों को मिली अगस्त माह की सहायता राशि



**रक्षाबंधन शगुन के रूप में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि भी अंतरित**

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला लाभार्थियों को 27वीं किश्त की 1250 रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इसके अलावा बतौर रक्षाबंधन शगुन बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि का भी अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गैस सिलेंडर रीफिलिंग की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व योजना की लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा एवं सुना गया। जिले की समस्त ग्राम पंचायत व वार्डों में भी लोगों ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना। पन्ना जिले की एक लाख 82 हजार 162 लाड़ली बहनों को 22 करोड़ 29 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि तथा 4 करोड़ 57 लाख रुपए की विशेष सहायता राशि का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की 44 हजार 69 लाड़ली बहनों को 58 लाख 56 हजार रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया।

## 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें, भांग दुकान, बार लायसेंस तथा मद्य भाण्डागार पन्ना एवं अमानगंज पूर्णतः बंद रहेंगे। शुष्क दिवस पर मंदिरा का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

# तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार से गांव की देविन मार्ग की ओर जाने वाले रास्ते पर गुरूवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 20 वर्षीय युवक सौरभ कुशवाहा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

जानकारी के अनुसार, सौरभ कुशवाहा, निवासी गल्ला मंडी बाईपास रोड, सुबह अपनी मां को बस स्टैंड छोडऩे के बाद तेज रफ्तार बाइक से लौट रहा था। तभी सामने से आ रही एक बाइक ने उसे अचानक कट मार दिया, जिससे सौरभ बीच सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय सामने से ईंटों से भरा तेज रफ्तार ट्रैक्टर आ रहा था, जिसका पहिया सौरभ के सिर के ऊपर से गुजर गया, और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया। वहीं, मृत युवक का शव छतरपुर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सौरभ दो छोटी बहनों का इकलौता भाई था और घर का एकमात्र सहारा भी था। इस हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## तेज रफ्तार टाटा 407 की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा गुरूवार दोपहर करीब 3 बजे परा चौकी और ग्राम चौका के बीच हुआ।**

जानकारी के अनुसार, मृतक मइयादीन अहिरवार (38) पुत्र मुन्नीलाल अहिरवार, निवासी मानपुरा थाना सटई, अपने साढ़ू भाई हरजु अहिरवार (42) पुत्र पंचुवा अहिरवार, निवासी रसुईया थाना सिविल लाइन के साथ ग्राम रसुईया से अनगौर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार टाटा 407 ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मार दी।


हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने जांच के बाद मइयादीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं हरजु अहिरवार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर इलाज जारी है। मृतक मइयादीन का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं टाटा 407 वाहन और चालक की जानकारी जुटाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने राह-वीर योजना में संभवतः प्रदेश का पहला प्रकरण किया स्वीकृत

छतरपुर। म.प्र. सरकार द्वारा चलाई जा रही राह-वीर योजना 2025 वरदान साबित हो रही है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल गोल्डन आवर (दुर्घटना के 1 घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाने पर इस योजना से संबंधित को 25 हजार रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर जिले के पहले एवं संभवतः प्रदेश के पहले राह-वीर बने समीर एवं मोंटी खान को पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इन दोनों राहवीरों ने तत्पर्यता दिखाते हुए एवं बिना समय गवाए, यह समय दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए गोल्डन आवर होता है। घायल व्यक्ति को सही समय पर अस्पताल पहुंचाया। जिससे उसकी जान बच गई। यातायात थाना से प्राप्त प्रकरण अनुसार 9 जून 2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जिला चिकित्सालय के सामने छत्रसाल चौक के पास घटित सड़क दुर्घटना में घायल रामकिशोर अग्रवाल पिता प्रेमनारायण अग्रवाल उम्र 44 वर्ष निवासी किशोर सागर तालाब के पास को समीर खान पिता मुस्ताक खान उम्र 24 साल एवं मोंटी खान उर्फ फैजान खान पिता स्व. रफीक खान उम्र 24 साल निवासी बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर द्वारा गोल्डन आवर में जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। जिससे उनका उपचार तुरन्त प्रारंभ हुआ तथा उनके जीवन की रक्षा हो सकी।

### बहादुर सिंह परमार को मणि दीप सम्मान घोषित



छतरपुर। मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन भोपाल द्वारा छतरपुर शहर के डॉ बहादुर सिंह परमार को कथेतर गद्य विधा का मणि दीप सम्मान 2025 देने का निर्णय लिया गया है।हिंदी साहित्य सम्मेलन के जिला अध्यक्ष नीरज खरे ने बताया कि इस सम्मान में 5100 रुपए की राशि तथा सम्मान पट्टिका अक्टूबर माह में भोपाल में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान घोषित होने पर डॉ परमार को डॉ अमिता अरजरिया,शोभा शर्मा, आभा श्रीवास्तव, शिवभूषण सिंह गौतम, नितेंद्र सिंह परमार, वीरेंद्र खरे अकेला, मौलाना हारून अना कासमी, अभिराम पाठक, निदा रहमान सहित अनेक साहित्यकारों ने बधाई दी है।

### पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार, 2 मोबाइल फोन बरामद



छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा गुम हुए मोबाइल की तलाश एवं मोबाइल चोर की गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। जिले के सभी थानों में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षित पुलिस कर्मचारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत देरी रोड के निवासी फरियादी जय हिंद विश्वकर्मा के मोबाइल फोन चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से साक्ष्य एकत्र किए गए, मोबाइल चोर का पता लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा शीघ्र कार्यवाही कर मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी लोकेश अवस्थी पिता रामशरण अवस्थी निवासी ग्राम प्रतापपुरा हाल देरी रोड छतरपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक एम आई कंपनी का मोबाइल एवं एक वीवो कंपनी का मोबाइल कुल कीमत करीब 21000 रुपए बरामद किया गया। विधिवत कार्यवाही की गई, विवेचना कार्यवाही जारी है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मीक चौबे, उप निरीक्षक शिशिर तिवारी थाना प्रभारी बमनोरा, प्रधान आरक्षक जुगल, आरक्षक जगमोहित सिंह की भूमिका रही।

### सीएमओ ने छात्रों के साथ ग्रहण किया मध्यांह भोजन



छतरपुर। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्ड अंतर्गत आने वाली लक्षित शालाओं में वितरित किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की मॉनीटरिंग हेतु कलेक्टर द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। गठित टीम द्वारा संकुल केन्द्र अंतर्गत आने वाली सप्ताह में एक वार दो शालाओं में मध्यान्ह भोजन कार्यकम का निरीक्षण कर छात्रों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण करेंगे। कलेक्टर के आदेशानुसार भगवा संकुल अंतर्गत मॉनीटरिंग हेतु बड़ामलहरा सीएमओ रामसजीवन पटेल ने शासकीय उ.मा.वि. भगवां का औचक निरीक्षण किया।

# कलेक्टर ने 9 प्रकरणों में कुल 10.50 लाख रुपए की राशि की स्वीकृत

### जिले में अब तक कुल 25 हिट एंड रन के प्रकरणों में 38 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर।

जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा मानवीय पहल पर संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्पर्यता से हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण कर मृतकों के परिजन एवं घायलों को नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त पार्थ जैसवाल ने विगत तीन दिनों में हिट एंड रन मामले में मोटरयान दुर्घटना के 9 अलग-अलग प्रकरणों में कुल 10 लाख 50 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। जिले में अब तक कुल 25 हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। जिसमें 38 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इससे जिले के लोगों में शासन प्रशासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है।

### विगत तीन दिनों में स्वीकृत प्रकरण -

स्वीकृत प्रकरण जिसमें एक दुर्घटना जो ग्राम खौंप पानी की टंकी के पास 25 मई 2023 को हुई थी जिसमें अजय राय पिता महेन्द्र सिंह राय निवासी खौंप की दुःखद मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पिता को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। दूसरी दुर्घटना जो राजनगर छतरपुर मार्ग पर ग्राम भुस्का के पास 31 मार्च 2024 को हुई थी। जिसमें किरण्न पत्नि सुखलाल आदिवासी निवासी ग्राम खरोंही तहसील राजनगर की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पति को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। तीसरी दुर्घटना ग्राम हमा में जटाशंकर वेयर हाउस के पास 21 मई 2023 को हुई थी। जिसमें अजय कुशवाहा पिता स्व. भागीरथ कुशवाहा निवासी ग्राम बिलहरी तहसील नौगांव मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस इनकी माता को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। चौथी दुर्घटना जो ग्राम खजवा में नट बब्बा के पास तहसील राजनगर में 1 अगस्त 2022 को सायंकाल में हुई थी। जिससे बबलू तनय नथुवा अहिरवार और मोहनलाल पिता गुलजारी अहिरवार एवं लच्छू पिता गरीबा अहिरवार निवासी लखेरी के घायल होने पर प्रतिकर के रूप में 50-50 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई है। पांचवी दुर्घटना जो ग्राम लखूरे पुरवा माता मंदिर के पास तहसील राजनगर में 4 मई 2022 को दोपहर के समय हुई थी। जिसमें आकाश सिंह तनय अशोक प्रताप सिंह एवं अर्चना सिंह पति अशोक प्रताप सिंह के घायल होने पर 50-50 हजार एवं सीता सिंह पत्नि देवेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी ग्राम बिला की मृत्यु होने पर वैध वारिस पति को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है।

# एक सप्ताह में आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करने के आदेश, नहीं तो होगी बड़ी कार्यवाही

**सड़क दुर्घटनाओं से पशु एवं जनहानि को रोकने धारा 163 के तहत जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश**

छतरपुर।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल ने छतरपुर जिले में सड़क दुर्घटना एवं वाहन दुर्घटनाओं तथा इससे होने वाली पशु एवं जनहानि को रोकने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिला प्रशासन का यह आदेश सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में अहम कदम है। पशुओं एवं गोवंश की समुचित सुरक्षा एवं देखभाल की दृष्टि से खुली सड़कों पर पशुओं एवं गौवंशों को छोडऩे एवं बैठने के सम्बंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रतिबंधित किया है। यह आदेश जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर लागू किया गया है।



आदेशानुसार जिले में नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, प्रमुख जिला मार्गों तथा ग्राम सड़क एवं शहर के वार्ड की सड़कों पर कोई भी पालक अपने पशु, गौवंश को खुले में नहीं छोड़ेगा। जो पालक स्वयं के दूध के उपयोग के लिए पशु पालन कर रहे है, वे अपने पशु, गौवंश अपने कैम्पस के अन्दर ही रखेंगे। ये पशु, गौवंश नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, प्रमुख जिला मार्गों तथा ग्राम सड़क एवं शहर के वार्ड की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर न आने पाए ऐसा सभी पशु पालक सुनिश्चित करेंगे।

### जनपद, निकाय एवं पंचायतों को आवश्यक निर्देश

सभी सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अपने अपने कार्यक्षेत्र में आने वाली सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर पाए जाने वाले निराश्रित पशु, गोवंश को एक सप्ताह के अन्दर नजदीकी गौशालाओं में रखे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिले में निजी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं तथा ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित गौशालाओं एवं नगरपालिकाओं द्वारा संचालित गौशालाओं की जानकारी भी संबंधित को उपलब्ध कराई गई है।

### पशु अधिकारियों को प्रतिदिन गौशालाओं का निरीक्षण कर जियो टैगिंग करने के निर्देश

उप संचालक पशुपालन एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संबंधित गौशालाओं का प्रतिदिन निरीक्षण करेंगे तथा गौशाला में प्रवेश होने वाली गौवंशो के रखे जाने की पंजी संधारित कराएंगे तथा टैगिंग सुनिश्चित करेंगे।

गौशाला में प्रवेश के पश्चात यदि कोई गौवंश पालक अपना गौवंश लेने आता है तो उनसे बगैर खुराक खर्चा एवं अर्थदण्ड के गौवंश पालक को वापिस नही सौंपा जाए। गौवंश एवं पालक की पहचान का रिकार्ड रखा जाए।

### एक हफ्ते में गौशालाओं में आवारा पशुओं को शिफ्ट नहीं करने पर होगी कार्यवाही

सड़को में निराश्रित घूमने वाले पशु गौवंशो को यदि एक राप्ताह के अंदर संबंधित अधिकारियों द्वारा संबंधित गौशालाओं में रखे जाने की कार्यवाही नही की जाती है और सड़को में गौवंश घूमते पाये जाते है तो संबंधित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधानों के अनुसार भी अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उल्लंघनकर्ता पशुपालकों के विरूद्ध भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

## कॉलोनी के रहवासी पहुंचे नगर पालिका

# नाली व सड़क समस्याओं को लेकर सौंपा आवेदन

छतरपुर।

छतरपुर शहर के वार्ड नंबर 36 शिवनगर कॉलोनी के दर्जनों वार्डवासी गुरूवार को दोपहर करीब 2:30 बजे नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क, नाली और बिजली के खंभों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन सौंपा। नागरिकों ने नगर पालिका अधिकारियों से जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की।

विजय शंकर तिवारी ने बताया कि वार्ड नंबर 36 शिवनगर कॉलोनी में लंबे समय से नाली की गंभीर समस्या बनी हुई है। हल्की बारिश में ही कॉलोनी में जलभराव हो जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अधिकतर दलित वर्ग के लोग निवास करते हैं, और बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़कों की जर्जर हालत के चलते कई बार वाहन फंसने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

वहीं अनीता राय, निवासी देरी रोड तुलसीनगर कॉलोनी (वार्ड 36) ने बताया कि सड़क, नाली और बिजली के खंभों की हालत खराब है। सड़कों पर पानी भरने से निकलना मुश्किल हो जाता है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। वार्डवासियों ने नगर पालिका में गुरुवार को एक सामूहिक आवेदन देकर इन समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है।

### एएसपी द्वारा बस स्टैंड पुलिस चौकी में हेलमेट बैंक सेवा का किया गया शुभारंभ



छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा विगत वर्ष माह जुलाई में हेलमेट बैंक सेवा का शुभारंभ किया गया था। इस अभिनव पहल का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और आवश्यकता पडऩे पर उन्हें निःशुल्क हेलमेट उपलब्ध कराना है। अब तक लगभग 8,000 से अधिक नागरिक इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। उक्त सेवा का विस्तार करते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा बस स्टैंड पुलिस चौकी में भी हेलमेट बैंक सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता द्वारा फीता काटकर नवीन हेलमेट बैंक सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह सेवा उन दोपहिया वाहन चालकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, जो स्थानीय कार्यवश जल्दबाजी में घर से बिना हेलमेट निकल पड़ते हैं। ऐसे में वे अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर एवं आधार नंबर दर्ज कराकर हेलमेट बैंक से निःशुल्क हेलमेट प्राप्त कर सकते हैं और कार्य पूर्ण होने के पश्चात 24 घंटे के भीतर हेलमेट वापस जमा कर सकते हैं। इस सेवा का प्रमुख उद्देश्य दोपहिया चालकों को सुरक्षित यात्रा हेतु प्रेरित करना है। हेलमेट पहनना केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का एक अनिवार्य उपाय भी है। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, थाना प्रभारी कोतवाली अरविंद सिंह दांगी, थाना प्रभारी यातायात बृहस्पति साकेत नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिला ने दिया सांप के बच्चों को जन्म, अफवाह फैली

# डॉक्टर बोले मामला ब्लड क्लॉटिंग से जुड़ा

राजनगर/छतरपुर।

**छतरपुर जिले की राजनगर तहसील के अंतर्गत आने वाले मऊ मसनिया गांव में एक अजीबोगरीब घटना ने क्षेत्रवासियों को हैरान कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, एक महिला ने सांप के बच्चों को जन्म दिया, जिससे गांव में कौतूहल और भय का माहौल बन गया है। यह खबर तेजी से आसपास के क्षेत्रों में फैल रही है और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।**



घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला की स्थिति का आकलन किया। इस मामले में डॉ. अवधेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रारंभिक रूप से यह मामला ब्लड क्लॉटिंग (रक्त के थक्के बनने) जैसा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं वास्तविकता से अधिक भ्रांति आधारित हो सकती हैं, जिन्हें चिकित्सा जांच के आधार पर ही स्पष्ट किया जा सकता है। महिला को फिलहाल बेहतर जांच और इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां चिकित्सकों की विशेष टीम इस प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, रिपोर्ट आने के बाद ही इस घटना की सच्चाई स्पष्ट हो पाएगी। इस रहस्यमयी घटना को लेकर गांव में अंधविश्वास और डर का माहौल है। कई लोग इसे दिव्य संकेत मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे प्राकृतिक असामान्यता मानते हुए वैज्ञानिक पहलुओं से जोड़ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी मामले पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी तरह की अफवाह या अंधविश्वास फैलने से रोका जा सके।

# बजरिया में चोरी करने वाली 2 महिला चोरों को किया गिरफ्तार



छतरपुर।

विगत दिवस थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर नगर के बजरिया में खरीदारी करते समय महिला फरियादी के बैग से पर्स एवं पैसे चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जन सहयोग से महिला चोरों की पहचान की गई, एवं जन सहयोग से शीघ्र दोनों महिला चोरों रुखसार खातून पिता शेख अब्दुल, रेशमा खातून पिता शेख अब्दुल दोनों निवासी बारह खंभा के पास राठ जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ताओं के पास से चोरी किया गया पर्स एवं 3815 रुपये बरामद किए गए। संबंधित अन्य जानकारी एकत्र की जा रही है। विधिवत कार्यवाही की जा रही है, विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, सहायक उप निरीक्षक गिरजेश राजा, प्रधान आरक्षक कल्पना, महिला आरक्षक विमला, आसमा, प्रधान आरक्षक दाताराम, आरक्षक वीरेंद्र, स्थानीय लोगों की भूमिका रही।

# महिलाओं ने सीएम राइज में स्कूल संविलियन का किया विरोध, कलेक्टर से की शिकायत

छतरपुर।

शंकरगढ़ पुरवा स्थित चौबे कॉलोनी की महिलाओं ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला के सीएम राइज स्कूल में किए जा रहे संविलियन का विरोध किया। महिलाओं ने कहा कि नया स्कूल काफी दूर है और छोटे बच्चों के लिए वहां पहुंचना काफी कठिन और असुरक्षित होगा। मीरा रैकवार (निवासी शंकरनगर, चौबे कॉलोनी) ने बताया कि हमारे मोहल्ले में पहले से शासकीय प्राथमिक स्कूल संचालित है, लेकिन अब उसका संविलियन दूर स्थित सीएम राइज स्कूल में किया जा रहा है। जब पास में ही स्कूल मौजूद है तो बच्चों को दूर क्यों भेजा जाए? हम चाहते हैं कि स्कूल यहीं पर संचालित रहे। इसी तरह गुडिय़ा प्रजापति, निवासी चौबे कॉलोनी, नरसिंहगढ़ पुरवा ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि हमारे बच्चे छोटे हैं, उन्हें इतनी दूर भेजना न तो सुरक्षित है और न ही व्यावहारिक। हम चाहते हैं कि मोहल्ले का प्राथमिक स्कूल बंद न किया जाए। महिलाओं ने जिला प्रशासन से अपील की कि संविलियन की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए, ताकि उनके बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और वे पास के स्कूल में ही सुरक्षित व सहज रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें।



## खबर संक्षेप

### रीवा जिले में गणेश चतुर्थी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**रीवा।** रीवा जिले में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई थी। जिसके अनुसार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर तीसरा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। घोषित किया गया स्थानीय अवकाश जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थानों में प्रभावशील होगा। यह अवकाश जिले के कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होगा।

### बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज उपस्थिति के आधार पर ही मिलेगा वेतन

**कटनी।** नगर निगम द्वारा संचालित शालाओं में शिक्षक-शिक्षिकाओं व लिपिकों की नियमित दैनिक उपस्थिति के साथ ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध ने निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित के.सी.एस.उच्चतर माध्यमिक शाला,साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं ए. रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला में शैक्षणिक एवं विद्यालयीन कार्यों में संलग्न शिक्षक-शिक्षिकाओं, लिपिक आदि संवर्गों की प्रतिदिन निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। निगमायुक्त श्री दुबे ने उक्त तीनों शालाओं के शिक्षक, शिक्षिका लिपिक व अन्य संवर्गों को अनुशासन बनाए रखते हुए निगम द्वारा बनाई गई बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था का पालन करते हुए उक्त सिस्टम में ही उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

### रेडक्रॉस फंड के लिए कलेक्टर को सौंपा 50 हजार का चेक

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा जनपद के पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं इटौली ग्राम पंचायत की सरपंच आशा प्रकाश सिंह बागरी ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से मुलाकात कर रेडक्रॉस फंड के लिए 50 हजार रुपये का चेक सौंपा। पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रकाश बागरी ने जनकल्याण और आपदा पीड़ितों के लिए सहयोग की पहल करते हुए जिला रेडक्रॉस समिति को सहायता राशि प्रदान की है। बागरी लंबे समय से जनसेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

### भदौरा विद्यालय के लिए 42.70 लाख स्वीकृत

**बड़वारा।** विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं प्रयोगशाला हेतु 42 लाख 70 हजार रु की राशि स्वीकृति किये जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया है। बड़वारा विधानसभा सभा क्षेत्र की आवाम विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में करवाये जाने वाले विकास कार्यों से विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

## जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।**

रीवा



जिले भर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। जिला स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रिन पर दिखाया जायेगा। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 8 बजे अथवा उसके पूर्व ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का गायन होगा। शिक्षण संस्थाओं में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रातः काल प्रभातफेरी निकाली जाएगी। ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिक्षण संस्थाओं में वाद-विवाद प्रतियोगिता, राष्ट्रीय एकता पर संगोष्ठी तथा वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में 14 और 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाय। स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को जिला स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके घर जाकर कलेक्टर द्वारा नामित प्रतिनिधि शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित किये जायेंगे। शासकीय भवनों के परिसर तथा सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण में हर व्यक्ति भागीदारी निभायें। कलेक्टर ने बताया कि सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में जनपद अध्यक्ष ध्वजारोहण करेंगे तथा समारोह में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पंचायत जिसका मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय में नहीं है उसमें नगर परिषद अध्यक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। समारोह में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जायेगा। आमजनता स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में हर्ष उल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी निभायें। जिले भर में उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। बॉक्स स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री के संदेश का होगा सीधा प्रसारणस्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का लाइव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर दिखाया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, टीवी सेट, इंटरनेट कनेक्शन और साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जा रही है। सम्पूर्ण व्यवस्था का 14 अगस्त को सुबह 9 बजे रिहर्सल भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल में यूट्यूब लिंक खोलने के लिए लैपटाप, एलईडीटीवी, एलईडी वॉल, एचडी एमआई केबिल, पावर बैकप की भी व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री जी का संदेश यूट्यूब लिंक पर भी उपलब्ध होगा। इसकी लिंक यथासमय जारी की जाएगी।

## जिले में मेडिकल नशे का कहर, डीईओ कार्यालय के सामने युवक ने चलते-फिरते तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस

रीवा।

**शहर में मेडिकल नशे का जहर एक बार फिर मौत का सबब बना। गुरुवार को एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक ने लोगों की आंखों के सामने ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। युवक की लाश डीआईजी कार्यालय से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित उद्यानिकी कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय की पार्किंग के बीच पाई गई।**



घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक नशे की हालत में बुरी तरह कांप रहा था। उसके हाव-भाव बेकाबू हो चुके थे और वह डीईओ कार्यालय के सामने खड़ी गाड़ी पर हमला करने की कोशिश कर रहा था। बताया गया कि युवक ने गमला उठाकर डीईओ रामराज मिश्रा की गाड़ी पर फेंकने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद ड्राइवर ने सतर्कता दिखाते हुए युवक को गाड़ी से दूर कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद युवक लड़खड़ाते हुए जमीन पर गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को अपने कब्जे में लिया। साथ ही घटना स्थल की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और युवक की पहचान के प्रयास में जुटी हैसिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि, युवक की मौत प्रथम दृष्टया मेडिकल नशे के ओवरडोज के चलते हुई प्रतीत हो रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। युवक कहां का रहने वाला है, इसकी जांच की जा रही है।बॉक्स मेडिकल नशे की बढ़ती लत बनी चुनौतीरीवा में मेडिकल नशे के बढ़ते मामलों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शहर में बिना चिकित्सकीय सलाह के मिलने वाली नशीली दवाओं की उपलब्धता युवाओं को नशे की गर्त में धकेल रही है। इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर मेडिकल स्टोर्स पर नशीली दवाओं की बिक्री पर नियंत्रण क्यों नहीं हो पा रहा है।

## विवि थाने में जप्तशुदा 42 वाहनों के अधिकार के संबंध में 15 दिनों में दावा किया जा सकेगा

रीवा

**विश्वविद्यालय थाना में पुलिस एक्ट के तहत जप्तशुदा 42 वाहनों के अधिकार के संबंध में आगामी 15 दिनों तक दावा किया जा सकता है। अनुविभागीय अधिकारी हुजूर ने सूचित किया है कि जप्तशुदा वाहनों के संबंध कोई भी व्यक्ति जो अपना दावा रखता है वह 15 दिनों में अपना अधिकार स्थापित कर सकता है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और जप्त वाहनों के राजसात किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।**



उल्लेखनीय है कि टीवीएस अपाचे एमपी 17 एनए 8353, एवेन्जर एमपी 17 एमएन 4927, स्कूटी एमपी 17 एसबी 6375, बजाज डिस्कबर एमपी 19 एनजी 1307, टीव्हीएस स्पोर्ट एमपी 17 एमजे 0767, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 19 एमएस 3886, हीरो स्पैलेण्डर प्लस एमपी 17 एमक्यू 4452, स्पैलेण्डर प्लस एमपी 17 बी 5220, पैशन प्रो एमपी 17 एमपी 1268, बजाज काबासाकी एमपी 17 एचसी 7191, स्पैलेण्डर प्लस यूपी 65 यू 8117, टीव्हीएस स्पोर्ट एमपी 17 एमएन 1320, टीव्हीएस एमपी 19 एमडी 8798, एक्टिवा एमपी 17 एससी 4890, हीरो पैशन प्रो एमपी 17 एमई 9039, हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एमसी 2690, हीरो पैशन एमपी 17 एसए 0026, हीरो पैशन प्रो एमपी 17 एमएल 6743, प्लेटिना एमपी 18 एम 9569, हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एमजी 5869, बजाज सीधी 100 एमएच 14 एएल 5985, टीव्हीएस अपाचे एमपी 17 एमके 1222, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमएफ 4864, पैशन प्लस एमपी 17 एमडी 6728, हीरो पैशन प्लस एमपी 07 एमएम 5742, हीरो स्पैलेण्डर एमपी 53 एमए 5285, बजाज सीटी 100 एमपी 17 एमएस 0109, टीव्हीएस स्टार यूपी 78 डी 5328, हीरो स्पैलेण्डर प्लस एमपी 17 एमके 2542, स्कूटी एमपी 17 एसए 1282, एचएफ डीलक्स एमपी 17 एनबी 4058, बजाज प्लेटिना एमपी 17 एमए 6626, बजाज प्लेटिना एमपी 17 एमजी 2533 के वाहन के संबंध में अधिकार का दावा किया जा सकता है।

## एमसीयू में राजेंद्र माथुर जयंती पर हुई संगोष्ठी सदी के महान संपादक को किया गया याद

रीवा।

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, रीवा परिसर में आज महान संपादक एवं विचारक राजेन्द्र माथुर की जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें आधुनिक हिंदी पत्रकारिता का शिल्पी बताते हुए उनकी लेखनी, विचारधारा और मातृभाषा हिंदी के प्रति निष्ठा को स्मरण किया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर प्रभारी डा. सत्येन्द्र डेहरिया के उद्घाटन वक्तव्य से हुआ। उन्होंने माथुर जी के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया, "राजेन्द्र माथुर का जन्म 1935 में हुआ और 1991 में उनका निधन हुआ। अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातकोत्तर करने के बावजूद उन्होंने पत्रकारिता को अपना जीवन समर्पित कर दिया। एडजंक्ट प्रोफेसर जयराम शुक्ला ने राजेन्द्र माथुर के संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए 'नई दुनिया' और 'नवभारत टाइम्स' में उनकी संपादकीय भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "राजेन्द्र माथुर ने पत्रकारिता को जनचेतना का माध्यम बनाया। सत्ता से टकराने और जनता के पक्ष में खड़े रहने का साहस उनके लेखन की विशेषता रही।"उन्होंने रीवा प्रवास के दौरान गोविंदगढ़ से जुड़े संस्मरण साझा किए और कहा कि माथुर जी की पत्रकारिता लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके बाद प्रसिद्ध पत्रकार राजेश बादल द्वारा निर्मित राजेन्द्र माथुर के जीवन पर आधारित एक विशेष डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि से देखा और उससे प्रेरणा प्राप्त की।समापन सत्र में प्रो. अखंड प्रताप सिंह ने कहा, "राजेन्द्र माथुर ने अंग्रेज़ी साहित्य में दक्षता होते हुए भी हिंदी को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने आपातकाल जैसे कठिन समय में भी कभी अपनी लेखनी से समझौता नहीं किया। सहायक कुलसचिव विवेक शाक्य ने आभार वक्तव्य देते हुए कहा यह संगोष्ठी हमें याद दिलाती है कि राजेन्द्र माथुर जैसे पत्रकारों के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी को दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. कमल उपाध्याय, डॉ. नवीन तिवारी, डॉ. हेमकुमारी, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. कनिष्क तिवारी, प्रो. सौरभ, प्रो. आरती श्रीवास्तव, प्रो. शैलेंद्र द्विवेदी, प्रो. प्रदीप, तथा धीरेंद्र मिश्रा, हरीश शर्मा, ज्योति सिंह स्टूडियो प्रभारी कैलाश कुमार सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन 12 अगस्त को जिले की 10 ग्राम पंचायतों को किया जायेगा पुरस्कृत

**रीवा।** देश में पंचायतों के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पंचायत उन्नति सूचकांक का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला पंचायत रीवा के सभागार में 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक अन्तर्गत 9 थीमों में सर्वोच्च रैंकिंग अनुसार जिले की 10 ग्राम पंचायतों के पुरस्कृत किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत जोकिहा, डिहिया, सिरखिनी, छिजवार, बरा, खटखरी, हाटा, मेथौरी, महसुआ, पिपरी, जुड़मनिया, मुरली, पथरौड़ा, नौढ़यि, डेल्ही, हर्दी नं. एक, इटमा, मढ़ी, ऐतला, करहिया नं. 2 एवं धौचट को पुरस्कृत किया जायेगा।

## जमीन के संबंध में दावा-आपत्तियाँ 14 अगस्त तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट बोर्ड को तहसील हुजूर के तहत ग्राम चिरहुला में भूमि आवंटन की कार्यवाही की जा रही है। हाउसिंग बोर्ड को चिरहुला की आराजी नम्बर 185/1 क्षेत्रफल 64.868 हेक्टेयर तथा आराजी नम्बर 2/24/2 क्षेत्रफल 4.273 हेक्टेयर के दो अलग-अलग प्रकरण आवंटन के लिए कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध हैं। इस संबंध में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बताया कि इन जमीनों के आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 14 अगस्त तक उपयुक्त दस्तावेजों के साथ एसडीएम हुजूर न्यायालय में आपत्ति दर्ज कर सकता है। निर्धारित अवधि में आपत्ति दर्ज न होने पर जमीन के आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।

## सारा पोर्टल पर 1011861 किसानों की दर्ज होगी फार्मर रजिस्ट्री

**रीवा।** किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ऑनलाइन दिया जा रहा है। किसान सम्मान निधि तथा खेती से जुड़ी अन्य योजनाओं के अनुदान ऑनलाइन प्राप्त होते हैं। एग्रोस्टेक परियोजना के तहत किसानों को ऑनलाइन लाभ देने के लिए सारा पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के कुल 10 लाख 11 हजार 861 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सारा पोर्टल पर की जाएगी। तहसील गुढ़ में 70237, त्योंथर में 127989, सेमरिया में 97612, मनगवां में 124260, जवा में 105428, सिरमौर में 112695, रायपुर कर्चुलियान में 79076, तहसील हुजूर में 118581 तथा हुजूर नगर तहसील में 175983 किसानों की कुल संख्या है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी तहसीलदार किसानों को एग्रोस्टेक योजना का लाभ देने के लिए ग्रामवार शिविर लगाकर किसानों की पोर्टल पर ई केवाईसी कराकर फार्मर रजिस्ट्री दर्ज कराएं। कॉमन सर्विस सेंटर, स्थानीय युवा, पटवारी तथा किसान पोर्टल पर ई केवाईसी दर्ज कर सकते हैं। एक माह की अवधि में फार्मर रजिस्ट्री का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें।

## दुर्घटना पीड़ितों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि, जिला स्तरीय समिति ने मंजूर की सहायता राशि

**रीवा।** हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना 2022 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में तहसील हुजूर के दुर्घटना के दो प्रकरणों में मृत व्यक्तियों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की गई। योजना के प्रावधानों के तहत एसएफ चौराहे में अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मृत श्रीमती सीता देवी सोंधिया के पति विश्वनाथ सोंधिया निवासी ग्राम दूबी को दो लाख रुपए स्वीकृत किए गए। बैठक में पीके स्कूल के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से मृत रजनीश विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय प्रेमलाल विश्वकर्मा निवासी जनकहाई के परिजनों को भी दो लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी तरह की वाहन दुर्घटना होने पर उसके शिकार व्यक्तियों को तत्काल उपचार सहायता पहुंचाएं। दुर्घटना के एक घण्टे की अवधि में यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना से पीड़ति को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि राहवीर योजना से दी जाती है। अपर कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होते ही डॉक्टर पीड़तिों का उपचार करने के साथ ई डार पोर्टल पर पीड़ति के संबंध में जानकारी दर्ज कर दें। पोर्टल के माध्यम से ही पुलिस विभाग एफआईआर दर्ज करेगी तथा समस्त कार्यवाहियाँ संबंधित विभाग पोर्टल के माध्यम से ही करेंगे। पुलिस अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पोर्टल पर जानकारी दर्ज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी पोर्टल पर दुर्घटना से जुड़ी जानकारी दर्ज कराएं। वाहन दुर्घटना में मौत होने पर अब पोर्टल के माध्यम से ही स्थल पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट, मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेख दर्ज हो रहे हैं। बैठक में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल ने पोर्टल पर अभिलेखों के दर्ज करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। बैठक में एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी, सीएसपी आरती सिंह, डीएसपी प्रतिभा शर्मा, अशासकीय सदस्य डॉ मुकेश येंगल तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोक सेवा में लापरवाही का खुला खेल

## मऊगंज में विवाह प्रमाणपत्र के आवेदन 'गुम', अफसरों ने साधी चुप्पी

**मऊगंज।** जिले के कलेक्टर संजय कुमार जैन जिले में विकास की गंगा बहाने के निरंतर प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ निचले स्तर के अधिकारी उनके प्रयासों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। एक ऐसा ही हैरान कर देने वाला मामला हाल ही में सामने आया, जिसने लोक सेवा केंद्र की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला विवाह प्रमाणपत्र से जुड़ा हुआ है। आवेदिका रिया तिवारी, निवासी पनिगवाँ, मऊगंज ने लोक सेवा केंद्र के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। प्रक्रिया के अनुसार पहले आवेदन ऑनलाइन होता है, फिर वह फिजिकल रूप में जनपद पंचायत कार्यालय में भेजा जाता है। लेकिन जब रिया तिवारी ने निर्धारित समय पर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए एमपी ई डिस्ट्रिक्ट में ऑनलाइन चेक किया, तो उन्हें चौंकाने वाला जवाब मिला – आपकी फाइल गुम हो गई है। आप प्रथम अपील करें।



इस मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि जब पत्रकारों ने इस लापरवाही को लेकर जनपद पंचायत सीईओ रामकुशल मिश्रा और संबंधित अधिकारी विनोद पांडे से संपर्क करने की कोशिश की, तो किसी ने फोन उठाना तक उचित नहीं समझा। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कई बार आवेदन गुम होने की शिकायतें मिल चुकी हैं, लेकिन हर बार अधिकारियों की चुप्पी और गैरजिम्मेदाराना रवैया लोगों को निराश करता है। मामले में सीईओ मऊगंज कार्यालय की ओर से 28 जुलाई 2025 को एक पत्र जारी किया गया, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया:

*आपका आवेदन (पंजीयन क्रमांक RS/766/2307/1104/2025) परीक्षणोंपरांत निम्न कारणों से अमान्य किया जाता है – लोक सेवा से जनपद पंचायत मऊगंज में फाइल प्राप्त नहीं हुई।*

अब सवाल यह उठता है कि जब आवेदक 25-30 किलोमीटर दूर से लोक सेवा केंद्र पहुंचता है, आवेदन करता है, शुल्क अदा करता है, सभी दस्तावेज जमा करता है – तब आखिरकार जिम्मेदार कौन है कि उसकी फाइल गुम हो जाती है? जनता का विश्वास सरकारी तंत्र में तब टूटता है जब पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव होता है। एक ओर शासन की योजनाएं लोगों तक डिजिटल और सरल माध्यमों से पहुंचाने का दावा किया जाता है, वहीं दूसरी ओर ऐसे मामले विकास की असल तस्वीर को धुंधला कर देते हैं। मऊगंज प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों की तत्काल उच्चस्तरीय जांच हो, जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो और भविष्य में आम नागरिकों की फाइलें गुम न हों इसके लिए पुख्ता तकनीकी और प्रशासनिक इंतजाम किए जाएं।

## मऊगंज कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों को दिया जिला बदर का नोटिस



**मऊगंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने दो आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर दो आदतन अपराधियों को 14 अगस्त को जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया है। कलेक्टर ने आदतन अपराधी अच्छेलाल साहू आयु 25 वर्ष पिता चन्द्रबली साहू निवासी ग्राम घोघम थाना हनुमना को नोटिस दिया है। अच्छेलाल साहू के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट, चोरी, लोगों को डराने-धमकाने, सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने, शराब के अवैध व्यापार सहित भारतीय दण्ड विधान एवं मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट के तहत कुल 15 प्रकरण दर्ज हैं। इसी तरह हिमांशु गुप्ता आयु 29 वर्ष पिता राजकुमार गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक चार अमहा वासुदेव हनुमना को भी नोटिस दिया गया है। हिमांशु गुप्ता पर मारपीट, डराने-धमकाने, गाली-गलौज सहित कुल 11 प्रकरण दर्ज हैं। दोनों आदतन अपराधी को 14 अगस्त को दोपहर एक बजे जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा ( म.प्र. )**

क्रमांक-2580/स्टोर/2025 रीवा, दिनांक - 05/08/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2025-26**

प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा द्वारा पुस्तकालय ( पुस्तक व स्टेशनरी ) से सम्बंधित सामग्री/ वाचनालय ( पत्र-पत्रिका ) सम्बंधित कार्य/ समस्त विज्ञान संकाय हेतु प्रायोगिक कार्य हेतु लगने वाले कैमिकल्स व सामग्री क्रय का कार्य/संगीत विभाग से सम्बंधित वाद्य यंत्र क्रय एवं सुधार का कार्य/ महाविद्यालय में भवन निर्माण सम्बंधित सामग्री खेल मैदान मरम्मत हेतु सामग्री/ महाविद्यालय में टेंट सम्बंधित कार्य फ्लैक्स / बैनर / विनायल / पोस्टर / प्रपत्र एवं मीडिया/ प्रचार संबंधी कार्य एवं नोटिस बोर्ड / दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य,अलग-अलग आकर में महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का कार्य / टैक्सी / इनोवा/इनोवा समकक्ष गाड़ी एवं बस किराये से लेने का कार्य / अग्निशामक यंत्र रिफिल व नये अग्निशामक यंत्र के कार्यों हेतु निविदा दिनांक 27.08.2025 शाम 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत शर्तें निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.trscollege.com से प्राप्त की जा सकती है ।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा ( म.प्र. )